Title: Need to look into the issue of denial of visa to prominent Atomic Scientists by some foreign countries.

श्री अमर पाल सिंह (मेरठ): सभापति महोदय, अभी कई समाचारों के माध्यम से पता चला है कि कुछ देशों ने हमारे परमाणु वैज्ञानिकों को वीजा देने से इसलिए इंकार कर दिया है कि ये वैज्ञानिक हमारे पोखरन परमाणु विस्फोट से जुड़े हुए हैं और इस प्रकरण से हमारे देश के स्वाभीमान तथा सम्मान को बहुत चोट पहुंची है। मेरे इस सदन के माध्यम से भारत सरकार से दो अनुरोध हैं:-

१. इस संबंध में तत्काल हस्तक्षेप करके हमारे समस्त वैज्ञानिकों को जो अंतरिक्ष एवं परमाणु कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं, को विदेश जाने के लिए तत्काल वीजा दिलाने का प्रबन्ध करे।

२. यदि इसमें सफलता नहीं मिलती है, तो ये देश के स्वाभिमान और सम्मान की रक्षा हेतु तत्काल इन देशों से राजनैतिक संबंध समाप्त कर दिए जाने चाहिए। इन देशों से अपने राजदूत वापस बुला लेने चाहिए तथा इन देशों के राजूत तत्काल वापस भेज देने चाहिए।